# आकाशवाणी शिमला

**17.09.2025/प्रादेशिक समाचार/920बजे**

## भाजपा सेवा पखवाड़ा

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी समूचे देश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। यह पखवाड़ा आज से 2 अक्टूबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक भाजपा, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर जागरूकता अभियानों की एक श्रृंखला शुरू करेगी। भाजपा सेवा पखवाड़े के दौरान, अलग–अलग विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी।

इस बीच प्रदेश में भी सभी 17 संगठनात्मक जिलों में भाजपा आज रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रही है। इसके अलावा आज शिमला के रिज मैदान पर रक्तदान शिविर और ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने दी।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्य प्रदेश के धार जिले से देश व्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ करेंगे। ''स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान'' के तहत आज से दो अक्तूबर तक देश में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे, जिनमें महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। आज से आरंभ हो रहे आठवें राष्ट्रीय पोषण माह में 16 अक्तूबर तक महिलाओं और बच्चों के पोषण विषय पर विशेष कार्यक्रम किए जाएंगे। इधर प्रदेश में इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। वे इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में आईजीएमसी शिमला में उपस्थित रहेंगे।

## स्वच्छता ही सेवा 2025

स्वच्छता ही सेवा 2025 का 9वां संस्करण आज पूरे देश में शुरू हो गया है। 15 दिवसीय इस अभियान का उद्देश्य देश भर में लाखों लोगों को सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियानों के लिए प्रेरित करना है जिसका व्यांपक असर हो। आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से संयुक्त रूप से शुरू किया गया, स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान नागरिकों, समुदायों और संस्थानों को एक साथ लाने पर केंद्रित है।

## लोक निर्माण मंत्री

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कल शिमला में विशेष टास्क फोर्स समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की। इस समिति का गठन हिमाचल प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से संबंधित प्राथमिकता वाले मुद्दों के समाधान के लिए किया गया है। विक्रमादित्य सिंह ने बुनियादी ढांचे के विकास और सड़कों के निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि इनकी राज्य में पर्यटन, अर्थव्यवस्था और व्यापार के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इन परियोजनाओं के समय पर निष्पादन में राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि बीते कल भी राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। बीते दिनों हुई भारी वर्षा से कुल्लू जिला में अभी भी सड़कें, रास्ते और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हैं, जिसके चलते जिला के मनाली व बंजार उपमंडल में आज व कल दो दिनों के लिए सभी शिक्षण संस्थान बंद रखने का निर्णय

लिया गया है। मौसम विभाग ने आज से अगले कुछ दिनों के लिए मानसून के धीमा पड़ने की संभावना जताई है जबकि राज्य के कुछ क्षेत्रों में आज हल्की वर्षा का पूर्वानुमान है।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से.....**

मुख्यमंत्री के हवाले से अमर उजाला ने सुर्खी दी है **हिमाचल में आपदा से तीन साल में 20 हजार करोड़ का नुकसान।** पंजाब केसरी लिखता है **नदी व नाले से सौ मीटर दूरी पर बनेंगे सरकारी संस्थान।**

**बिना स्वीकृति नियुक्त शिक्षकों को हाईकोर्ट से राहत** शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है **हाईकोर्ट ने पीटीए–एसएमसी शिक्षकों को अनुभव प्रमाण पत्र के निर्धारित नंबर देने के आदेश दिए।**

मौसम पर दिव्य हिमाचल की सुर्खी है **धर्मपुर में जलप्रलय, मंडी में पांच मौतें, थुरल में धंसा गांव।** दैनिक जागरण के अनुसार **धर्मपुर में सोन खड्ड ने 10 वर्ष बाद फिर मचाई तबाही, बस अड्डा जलमग्न, 45 वाहन क्षतिग्रस्त।**

————————————